1. निम्नांकित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें— 6×2=12

( क ) चंपारण में शिक्षा की व्यवस्था के लिए गाँधी जी ने क्या किया?

( ख ) 'धाँगड़' शब्द का क्या आशय है?

( ग ) भ्रष्टाचार की जड़ क्या है? क्या आप जे०पी० से सहमत हैं? इसे दूर करने के लिए क्या सुझाव देंगे?

( घ ) नागरिक क्यों व्यस्त हैं? क्या उनकी व्यस्तता जायज है?

( ङ ) नारी की पराधीनता कब से आरम्भ हुई?

( च ) 'आर्ट ऑफ कनवरसेशन' क्या है?

2. सप्रसंग व्याख्या करें— 2×4=8

( क ) प्रत्येक पत्नी अपने पति को बहुत कुछ उसी दृष्टि से देखती है जिस दृष्टि से लता अपने वृक्ष को देखती हैं।

( ख ) 'निमोनिया' से मरनेवाले को मुरब्बे नहीं मिला करते।

3. निम्न दो दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें— 2×5=10

( क ) 'उसने कहा था' कहानी का सारांश लिखें।

अथवा, 'बातचीत' शीर्षक निबंध का सारांश लिखें।

( ख ) 'गाँव का घर' या 'हार-जीत' या 'प्यारे नन्हें बेटे को' शीर्षक कविता का सारांश लिखें।

4. हिन्दी-साहित्य का काल विभाजन एवं नामकरण अति संक्षेप में करें। 5

अथवा, सूरदास का परिचय दें।

5. ( क ) किन्हीं पाँच के समास के नाम बताइए— 5×1=5

राष्ट्रकवि, लोटा-डोरी, पंचतत्र, नवनिधि, देशभक्ति, लम्बोदर, नीलकंठ।

( ख ) किन्हीं पाँच मुहावरों के वाक्य-प्रयोग द्वारा अर्थ स्पष्ट करें— 5×1=1

टेढ़ी खीर, दाल न गलना, दाने-दाने को मोहताज, गाल बजाना, अपना उल्लू सीधा करना, अपनी खिचड़ी अलग पकाना, ईंट से ईंट बजाना।

( ग ) वाक्य-प्रयोग द्वारा किन्हीं पाँच शब्दों के लिंग-निर्णय करें—

शीत, नवनीत, मूँछ, यज्ञ, हाँ, तालीम, चील। 5×1=5

( घ ) किन्हीं पाँच के सन्धि विच्छेद करें— 5×1=5

निराकार, सम्मान, पवन, पावक, जगन्नाथ, दिग्दर्शन, विद्यालय।

( ङ ) किन्हीं पाँच के पर्यायवाची शब्द लिखें— 5×1=5

लहू, घाव, हाथी, सूर्य, कमल, पृथ्वी, आकाश।

( च ) रचना के आधार पर इन वाक्यों को प्रकृति बताइए— 5

(अ) राम, राम! यह भी कोई लड़ाई है।

(आ) परसों 'रिलीफ' आ जाएगी और फिर सात दिन की छुट्टी।

अथवा, संधि और समास में अन्तर लिखें। 5

6. I. निम्नलिखित प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर दें— 5×1=5

(i) 'बातचीत' शीर्षक निबन्ध के निबन्धकार हैं—

(क) जयप्रकाश नारायण (ख) मोहन राकेश
(ग) नामवर सिंह (घ) बालकृष्ण भट्ट ।

(ii) रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना है—

(क) अर्द्ध नारीश्वर (ख) रोज
(ग) ओ सदानीरा (घ) जूठन ।

(iii) मलिक मुहम्मद जायसी किस शाखा के कवि है?

(क) कृष्णमार्गी (ख) राममार्गी
(ग) ज्ञानमार्गी (घ) प्रेममार्गी

(iv) माँ के लिए अपने मन को समझाना कब कठिन हो जाता है?

(क) पिता की मृत्यु पर (ख) पति की मृत्यु पर
(ग) पुत्र की मृत्यु पर (घ) धन नष्ट हो जाने पर

(v) नाभादास किसके शिष्य थे?

(क) महादास (ख) अग्रदास
(ग) तुलसीदास (घ) रामानन्द

biharhelp.in

II. सही जोड़े का मिलान करें— 5×1=5

(i) 'अधिनायक' (क) अज्ञेय
(ii) कविता (ख) 'एक लेख एवं प्रत्र'
(iii) रोज (ग) भूषण
(iv) शिक्षा (घ) रघुवीर सहाय
(v) भगत सिंह (ङ) जे० कृष्णमूर्ति

III. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें— 5×1=5

(क) कि हर वो आदमी
जो मेहनतकश
लोहा है
हर ......................
दबी सतावी
बोझ उठानेवाली। (वो औरत / वो स्त्री)

(ख) चाहे जिस देश .................. का हो।
जन-जन का चेहरा एक ! (गाँव / प्रातंपुर)

(ग) तुमुल कोलाहल कलह में
मैं .................... बात रे मन। (हृदय की / सुलह की)

(घ) धनि सो ................. जस कीरति जासू।
फूल मरै पर मरै न बासू। (पुरुष / पुरुख)

(ङ) जौं लहि अंबहि ................. न होई।
तौ महि सुगंध बसाइ न सोई। (मंजर/डाभ)

7. किसी एक विषय पर निबंध लिखें— 1×10=10

(क) आतंकवाद (ख) राष्ट्रीय एकता
(ग) शिक्षा का उद्देश्य (घ) उपभोक्ता संस्कृति और भारतीय समाज।

8. निःशुल्कता प्राप्ति हेतु महाविद्यालय/विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक आवेदन पत्र लिखें। 6

अथवा, बाढ़ की समस्या से निजात के लिए 'सम्पादक के नाम पत्र' लिखें।

9. संक्षेपण करें—

अनुशासन की आवश्यकता छात्र जीवन के लिए सबसे अधिक है। वे विवेक-सम्मत श्रृंखला में बँधे रहने की आदत डालें। उनकी क्षमता बिखरकर नष्ट न होने पर, उसकी साधना के बादल चट्टान और बंजर पर न बरसे, उनकी लालसा कलंक से काले पड़े भौरें की लालस मात्र न बन जाए-इसके लिए छात्रों को व्यावहारिक जीवन में अनुशासन की नियमों का पालन करना परमावश्यक है। जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन की आवश्यकता पड़ती है। केवल विद्यालय में नहीं वरन् परिवार एवं समाज में भी अनुशासन के नियमों का पालन करना चाहिए। उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि पूरी सृष्टि और पूरा ब्राह्माण्ड भी अनुशासन में बँधा है। जीवन में अनुशासन न हो तो हम आसानी से अराजकता का शिकार हो जाएँगे।

biharhelp.in